# University in News on 03 January 2022

## HINDUSTAN PAGE 6

●शीतकालीन अवकाश के बाद खुल रहा है विश्वविद्यालय● बढ़ते संक्रमण के कारण फिर से लागू होंगे कोविड प्रोटोकॉल

### एलयू में आज से थर्मल स्कैनिंग बिना प्रवेश नहीं

**सतर्कता**

**20** हजार के करीब छात्र प्रतिदिन एलयू कैंपस में होते हैं मौजूद

**17** जनवरी से होने वाली हैं परीक्षाएं, प्रोटोकॉल का पालन करना होगा चुनौती

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय में सोमवार से सारे कोविड प्रोटोकॉल एक बार फिर से अनिवार्य किए जा रहे हैं। विभागों में छात्रों और शिक्षकों की थर्मल स्कैनिंग, सेनेटाइजर का प्रयोग, मास्क पहनने को भी अनिवार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही परिसर में जो भी व्यक्ति दाखिला होगा, उसकी भी पूरी जानकारी रजिस्टर में दर्ज करने की व्यवस्था की जा रही है।

बता दें कि कोरोना के लगातार बढ़ते खतरे के बीच, शीतकालीन अवकाश के बाद लखनऊ विश्वविद्यालय सोमवार को फिर से खुल रहा है। चूंकि केस लगातार बढ़ रहे हैं, इसलिए विश्वविद्यालय अपनी ओर से पूरी एहतियात बरत रहा है। छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि सभी विभागाध्यक्षों व संकायाध्यक्षों को यह एडवाइजरी जारी की जा रही है कि वे अपने यहां छात्रों-शिक्षकों, कर्मचारियों व हर आने-जाने वाले की थर्मल स्कैनिंग करके उसका विवरण रजिस्टर में दर्ज करवाएं। साथ ही यह भी जानकारी जरूर ली जाए कि किसे कोरोना वैक्सीन के दोनों डोज लग चुके हैं। इसके अलावा अब बिना मास्क के परिसर में कोई प्रवेश नहीं कर पाएगा, साथ ही जगह-जगह सेनेटाइजर भी उपलब्ध करवाए जाएंगे।

**परीक्षाओं पर फैसला अभी नहीं :** लखनऊ विश्वविद्यालय में अभी एलएलबी, मैनेजमेंट, बीसीए, बीटेक आदि की परीक्षाएं चल रही हैं। इनमें कोविड प्रोटोकॉल का पालन भी हो रहा है। हालांकि इन परीक्षाओं में कम संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हो रहे हैं, इसलिए ज्यादा दिक्कत नहीं हो रही है। बड़ी चुनौती 17 जनवरी से शुरू होने वाली परीक्षाओं में होगी कि उनमें कोविड प्रोटोकॉल का पालन कैसे कराया जाए। हालांकि, इस बारे में अभी एलयू ने कोई फैसला नहीं किया है।

> कोरोना के बढ़ते मामलों को लेकर हम पूरी तरह सचेत हैं। कोविड प्रोटोकॉल का पालन अनिवार्य किया जा रहा है, इस सम्बंध में विभागों को एडवाइजरी भेजी जा रही है। परीक्षाओं के सम्बंध में उस समय की स्थितियां देखते हुए, छात्रहित में फैसला लिया जाएगा। एलयू प्रशासन लगातार नजर रख रहा है।
>
> **प्रो. पूनम टंडन**, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, एलयू

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

### लविवि में आज से एमबीए की परीक्षाओं का आगाज

लखनऊ। लविवि में सेमेस्टर परीक्षाओं ने गति पकड़ना शुरू कर दिया है। लॉ व इंजीनियरिंग के बाद सोमवार तीन जनवरी से पुराने परिसर में संचालित एमबीए सीबीसीएस तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं शुरू होंगी। लविवि के मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की ओर से चलने वाले इस कोर्स की परीक्षाओं के प्रवेश पत्र जारी हो चुके हैं।

परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना ने बताया कि इसकी परीक्षा बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग में ही आयोजित होगी। परीक्षा दोपहर 02 से शाम 05 बजे तक होगी। पहले दिन एमबीए सीसी 301, इनोवोशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप की परीक्षा होगी। इसमें 150 विद्यार्थी शामिल होंगे। वहीं 05 जनवरी को बिजनेस एनालिटिक्स, छह को इंटीग्रेटेड मार्केटिंग कम्यूनिकेशन, फाइनेंशियल सिस्टम एंड इंस्टीट्यूशंस, आर्गेनाइजेशनल चेंज एंड डेवलपमेंट, एक्सपोर्ट इंपोर्ट प्रोसीजर एंड डाक्यूमेंटेशन की परीक्षा होगी। परीक्षाएं 13 जनवरी तक चलेंगी।

**चार से एमपीए की परीक्षाएं**

उन्होंने बताया कि चार जनवरी से विश्वविद्यालय राष्ट्रीय कथक संस्थान में संचालित मास्टर ऑफ परफार्मिंग आर्ट (एमपीए) तीसरे सेमेस्टर और बैचलर ऑफ परफार्मिंग आर्ट (बीपीए) तीसरे, पांचवें व सातवें सेमेस्टर की परीक्षाएं शुरू होंगी। इसके लिए कला एवं शिल्प महाविद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इनकी लिखित परीक्षा सुबह 09 से दोपहर 12 बजे तक होंगी। (माई सिटी रिपोर्टर)

## i-NEXT PAGE 3 & 5

### यूनिवर्सिटी में बिना थर्मल स्कैनिंग प्रवेश नहीं

**LUCKNOW (2 Jan):** लखनऊ यूनिवर्सिटी में सोमवार से सारे कोविड प्रोटोकॉल अनिवार्य किए जा रहे हैं. विभागों में छात्रों और शिक्षकों की थर्मल स्कैनिंग, सेनेटाइजर का प्रयोग, मास्क पहनने को भी अनिवार्य किया जा रहा है. परिसर में जो भी व्यक्ति दाखिला होगा, उसकी पूरी जानकारी रजिस्टर में दर्ज की जाएगी. बता दें कि कोरोना के लगातार बढ़ते खतरे के बीच, शीतकालीन अवकाश के बाद लखनऊ यूनिवर्सिटी सोमवार को फिर से खुल रही है.

**जारी की गई एडवायजरी**

डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि सभी विभागाध्यक्षों व संकायाध्यक्षों को यह एडवाइजरी जारी की जा रही है कि वे अपने यहां छात्रों-शिक्षकों, कर्मचारियों व हर आने-जाने वाले की थर्मल स्कैनिंग करके उसका विवरण रजिस्टर में दर्ज करवाएं. यह जानकारी जरूर ली जाए कि किसे कोरोना वैक्सीन के दोनों डोज लग चुके हैं. अब बिना मास्क के परिसर में कोई प्रवेश नहीं कर पाएगा.



**परीक्षाओं पर फैसला अभी तक नहीं हुआ**

लखनऊ यूनिवर्सिटी में अभी एलएलबी, मैनेजमेंट, बीसीए, बीटेक आदि की परीक्षाएं चल रही हैं. हालांकि परीक्षाओं में कम स्टूडेंट्स शामिल हो रहे हैं, इसलिए दिक्कत नही हो रही है. बड़ी चुनौती 17 जनवरी से शुरू होने वाली परीक्षाओं में होगी कि उनमें कोविड प्रोटोकॉल का पालन कैसे कराया जाए. हालांकि, इस बारे में अभी लखनऊ यूनिवर्सिटी ने कोई फैसला नही किया है.

> कोरोना के बढ़ते मामलों को लेकर हम पूरी तरह सचेत हैं. कोविड प्रोटोकॉल का पालन अनिवार्य किया जा रहा है, इस संबंध में विभागों को एडवाइजरी भेजी जा रही है.
>
> **प्रो. पूनम टंडन,** डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर

### एमबीए के सेमेस्टर एग्जाम आज से

**LUCKNOW (2 Jan):** लखनऊ यूनिवर्सिटी में तीन जनवरी से एमबीए (सीबीसीएस) थर्ड सेमेस्टर के एग्जाम शुरू होंगे. लखनऊ यूनिवर्सिटी मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (लुंबा) की ओर से संचालित इस कोर्स के एग्जाम के एडमिट कार्ड जारी हो चुके हैं. इसका परीक्षा केंद्र बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग को बनाया गया है. बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग के एचओडी प्रो. संजय मेधावी ने बताया कि एग्जाम की तैयारी हो चुकी है. एग्जाम दोपहर दो से शाम पांच बजे तक होगा. पहले दिन एमबीए (सीसी 301) इनोवोशन एंड इंटरप्रिंयोरशिप का एग्जाम होगा.

## PIONEER PAGE 3

### एलयू में आज से थर्मल स्कैनिंग के बिना प्रवेश नहीं

● परीक्षाओं को लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय में फिर से लागू होंगे सारे कोविड प्रोटोकॉल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लखनऊ विश्वविद्यालय** में फिर से सेमेस्टर परीक्षाओं की शुरुआत हो चुकी है। पहले दिन बीटेक, बीसीए, एमसीए की परीक्षाओं के बाद अब तीन जनवरी से पुराने परिसर में संचालित एमबीए सीबीसीएस तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं शुरू होंगी। परीक्षाओं को लेकर विवि की तरफ से सारे कोविड प्रोटोकॉल एक बार फिर से अनिवार्य किए जा रहे हैं। विभागों में छात्रों और शिक्षकों की थर्मल स्कैनिंग, सेनेटाइजर का प्रयोग मास्क पहनने को भी अनिवार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही परिसर में जो भी व्यक्ति दाखिल होगा उसकी भी पूरी जानकारी रजिस्टर में दर्ज करने की व्यवस्था की जा रही है।

बता दें कि कोरोना के लगातार बढ़ते खतरे के बीच शीतकालीन अवकाश के बाद लखनऊ विश्वविद्यालय सोमवार को फिर से खुल रहा है। चूंकि केस लगातार बढ़ रहे हैं, इसलिए विश्वविद्यालय अपनी ओर से पूरी एहतियात बरत रहा है। छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो पूनम टंडन ने बताया कि सभी विभागाध्यक्षों व संकायाध्यक्षों को यह एडवाइजरी जारी की जा रही है कि वे अपने यहां छात्रों शिक्षकों कर्मचारियों व हर आने जाने वाले की थर्मल स्कैनिंग करके उसका विवरण रजिस्टर में दर्ज करवाएं। साथ ही यह भी जानकारी जरूर ली जाए कि किसे कोरोना वैक्सीन के दोनों डोज लग चुके हैं। इसके अलावा अब बिना मास्क के परिसर में कोई प्रवेश नहीं कर पाएगा साथ ही जगह जगह सेनेटाइजर भी उपलब्ध करवाए जाएंगे।

लखनऊ विश्वविद्यालय में अभी एलएलबी मैनेजमेंट, बीसी, बीटेक आदि की परीक्षाएं चल रही हैं। इनमें कोविड प्रोटोकॉल का पालन भी हो रहा है। हालांकि इन परीक्षाओं में कम संख्या में छात्र छात्राएं शामिल हो रहे हैं इसलिए ज्यादा दिक्कत नहीं हो रही है। बड़ी चुनौती 17 जनवरी से शुरू होने वाली परीक्षाओं में होगी कि उनमें कोविड प्रोटोकॉल का पालन कैसे कराया जाए। हालांकि इस बारे में अभी लखनऊ विवि ने कोई फैसला नहीं किया है।

## THE PIONEER PAGE 3

### Foreign students a good source of revenue: LU VC

**Lucknow (PNS):** Lucknow University Vice-Chancellor AK Rai said foreign students have been a good source of revenue for them, with each bringing in nearly Rs one lakh. He said they are making efforts to increase their numbers by trying to tap newer countries. In the session 2021-22, 357 foreign students have enrolled themselves on different LU courses. It is around a 100% jump in the enrolment of foreign students in comparison to the session 2020-21. "The figure has been consistently on the rise since 2019-20 when the figure was merely 57 or 67. This is quite an achievement since we did it in the midst of a raging pandemic. The influx of the students is a result of the multiple-channel communication which we have been using. The refurbished website has also helped," he said. "Many leading institutes of different countries placed this information on their website, which was the reason why the achievements of LU were propagated," he added.

## AMRIT VICHAR PAGE 5

### लविवि में थर्मल स्कैनिंग बिना प्रवेश नहीं

अमृत विचार, लखनऊ

**सख्ती**

- कुलपति प्रो. आलोक राय ने जारी किए दिशा-निर्देश
- अब मास्क के बिना परिसर में नहीं मिलेगा प्रवेश

लखनऊ विश्वविद्यालय में सोमवार से सारे कोविड प्रोटोकॉल एक बार फिर से अनिवार्य कर दिया गया है। इस संबंध में कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने रविवार को दिशा निर्देश जारी करते हुए कहा कि सोमवार से छात्रों को थर्मल स्कैनिंग के बिना प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी। साथ ही सेनेटाइजर का प्रयोग, मास्क पहनने को भी अनिवार्य कर दिया गया है। बता दें कि कोरोना के लगातार बढ़ते खतरे के बीच, शीतकालीन अवकाश के बाद लखनऊ विश्वविद्यालय सोमवार को फिर से खुल रहा है। चूंकि केस लगातार बढ़ रहे हैं, इसलिए विश्वविद्यालय अपनी ओर से पूरी एहतियात बरत रहा है। छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि सभी विभागाध्यक्षों व संकायाध्यक्षों को यह एडवाइजरी जारी की जा रही है कि वे अपने यहां छात्रों-शिक्षकों, कर्मचारियों व हर आने-जाने वाले की थर्मल स्कैनिंग करके उसका विवरण रजिस्टर में दर्ज करवाएं। साथ ही यह भी जानकारी जरूर ली जाए कि किसे कोरोना वैक्सीन के दोनों डोज लग चुके हैं। इसके अलावा अब बिना मास्क के परिसर में कोई प्रवेश नहीं कर पाएगा, साथ ही जगह-जगह सेनेटाइजर भी उपलब्ध करवाए जाएंगे।

**कोरोना के बढ़ते मामलों को लेकर हम पूरी तरह सचेत**

लविवि के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने बताया कि कोरोना के बढ़ते मामलों को लेकर हम पूरी तरह सचेत हैं। कोविड प्रोटोकॉल का पालन अनिवार्य किया जा रहा है, इस सम्बंध में विभागों को एडवाइजरी भेजी जा रही है। परीक्षाओं के सम्बंध में उस समय की स्थितियां देखते हुए, छात्रहित में फैसला लिया जाएगा।